# अभ्यास पत्रक

विषय - हिन्दी

कक्षा - छठवीं कुल अंक- **80**

नोट- 1 सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है। 2- संक्षिप्त और सारगर्भित उत्तर अपेक्षित है।

**(खंड- अ)**

प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए- (4)

भाषा द्वारा मनुष्य की सामाजिकता कायम है, किंतु भाषा का दुरुपयोग ही उसे छिन्न- भिन्न कर देता है। एक मधुर शब्द अच्छा संबंध बना देता है और एक ही कटु शब्द दो मित्रों के मन में वैमनस्य उत्पन्न कर देता है। अब प्रश्न यह है कि मधुर भाषण किसे कहते हैं ? साधारणतया जो वस्तु मनोनुकूल होती है, जिससे चित्त द्रवित होता है वही मधुर कहलाती है। वचनों का माधुर्य हृदय-द्वार खोलने की कुंजी है। वचनों का आकर्षण न्यूटन के गुरूत्वाकर्षण और चुंबक के आकर्षण से भी बढ़कर है। वार्तालाप की शिष्टता मनुष्य को आदर का पात्र बनाती है और समाज में उसकी सफलता के लिए रास्ता साफ़ कर देती है ।

(1) मनुष्य की सामाजिकता किससे छिन्न-भिन्न होती है ?

(1) भाषा द्वारा (ब) भाषण देने से (स) भाषा का दुरूपयोग

(2) वार्तालाप की शिष्टता से मनुष्य क्या पाता है –

(1) अपमान (ब) सफलता और समाज में आदर (स) असफलता

(3) ‘मधुर’ शब्द का विलोम है –

(1) मधुरता (ब) कटु (स) कटुता

(4) हृदय द्वार खोलने की कुंजी क्या है?

(1) कठोर वचन (ब) मीठे वचन (स) कर्कश वचन

प्रश्न 2 - निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए- (4)

रिमझिम – रिमझिम सी बूँदें
जग के आँगन में आईं ।
अपने लघु, उज्ज्वल तन में
कितनी सुंदरता लाई।
मेघों ने गरज – गरज कर
मादक संगीत सुनाया ।
इस हरी- भरी संध्या ने
हमको उन्मत बनाया ।

(1) इस काव्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है ?

(1) बसंत (ब) वर्षा (स) शरद

(2) बादल किसका संगीत सुना रहे हैं?

(1) धूप का (ब) आसमान का (स) वर्षा की बूँदों का

(3) ‘मेघ’ का पर्यायवाची शब्द है –

(1) असमान (ब) बादल (स) सूर्य

(4) व्यक्ति को किसने उन्मत बनाया है?

(1) हरी-भरी वसुंधरा ने (ब) हरी-भरी संध्या ने (स) सुबह के मौसम ने

प्रश्न 3-निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखें-(5)

जब कभी आश्रम में किसी सहायक को रखने की आवश्यकता होती थी,तब गांधी जी किसी हरिजन को रखने का आग्रह करते थे। उनका कहना था, नौकरों को हमें वेतनभोगी मजदूर नहीं, अपने भाई के समान मानना चाहिए। इसमें कुछ कठिनाई हो सकती है, कुछ चोरियाँ हो सकती हैं, फिर भी हमारी कोशिश सर्वथा निष्फल नहीं जाएगी।"

1- उपरोक्त पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है? इसके रचनाकार कौन हैं?
2- आश्रम में सहायक रखने की आवश्यकता पर गांधी जी किसे रखने का आग्रह करते थे?
3- नौकरों के संबंध में गांधीजी के क्या विचार थे?

प्रश्न 4 –निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखें-(5)

पुर ते निकसी रघुबीर-बधू, धरि धीर दए मग में डग द्वै।
झलकी भरि भाल कनी जल की,पुट सूखि गए मधुराधर वै॥
फिरि बूझति हैं,"चलनो अब केतिक पर्णकुटी करिहौ कित व्है?"।
तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारु चली जल च्वै॥

1- उपरोक्त पंक्तियों के रचनाकार कौन हैं?
2- किसके माथे पर पसीने की बूँदे दिखने लगीं और क्यों?
3- सीता ने राम से क्या प्रश्न पूछा?

प्रश्न 5- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- (9)

1- 'जो देखकर भी नहीं देखते' निबंध की लेखिका कौन हैं?
   1- महादेवी ब- कुरियांगी तेत्सुको स- हेलेन केलर द- अमृता प्रीतम
2- पंडित नेहरू जी के द्वारा पत्र किसे लिखा गया था?
   अ- पुत्री को ब- भाई को स- पत्नी को द- स्वयं को
3- 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता में बालिका किसका आँचल पकड़ कर घूमती है?
   अ-मौसी का ब- माँ का स- नानी का द- दादी का
4- 'बाउल और भतियाली' लोकगीत हैं-
   1- पंजाब के ब- गुजरात के स- बंगाल के द- बिहार के
5- गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रिका में किसके दुपट्टे पर इस्त्री की थी?
   1- बाल गंगाधर तिलक ब- गोपाल कृष्ण गोखले स- वल्लभ भाई द- लाला लाजपत
6- 'लक्ख़नु' शब्द का अर्थ है-
   1- लड़का ब- लाखन स-- लक्ष्मण द- लाला
7- <u>आप</u> कहाँ नौकरी करते हैं? रेखांकित शब्द है-
   1- संबंधबोधक ब- मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम स- निश्चयवाचक सर्वनाम स- कोई नहीं
8- 'कक्षा में <u>बीस</u> बच्चे ही आए थे। - रेखांकित पद है।
   1- परिमाणवाचक विशेषण ब- सार्वनामिक विशेषण स- संख्यावाचक विशेषण द- कोई नहीं
9- निम्नलिखित में से कौन-सा वर्तमान काल का वाक्य है?
   1- आज वर्षा होगी? ब- वर्षा हो रही है।
   स- हम दिल्ली घूमने गए थे। द-वह साइकिल चला रही है।

प्रश्न 6- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

1- निम्नलिखित अनेकार्थक शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए। (कोई दो) (2)

निशान,पत्र, पर, पानी, बाल, मित्र, लाल, हर, हित

2- निम्नलिखित समश्रुति भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ वाक्य द्वारा स्पष्ट करें। (2)

दशा-दिशा , भवन-भुवन , समान-सम्मान , शर-सर

3- निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें- (2)

कहा-सुनी हो जाना , किस्मत खुल जाना, खून खौलना, चैन की बंशी बजाना

प्रश्न 7- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई 4) (4)

1- शबरी ने राम को क्या सलाह दी?
2- बाली के पुत्र का नाम क्या था?
3- सीता की खोज में दक्षिण दिशा की ओर जाने वाले दल में अंगद के साथ और कौन-कौन था?
4- विभीषण ने रावण को क्या सलाह दी?
5- सीता ने अपना हार हनुमान को क्यो भेंट किया?
6- समुद्रके अंदर कौन-सा पर्वत था?
7- हनुमान की खोई शक्ति किसने जगाई?

खंड – ब

प्रश्न 8- निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए। (कोई पाँच) (10)

1- हेलेन केलर किन चीज़ों को छूकर पहचान लेती थीं?
2- लाखों-करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी?
3- यह क्यों कहा गया है कि बड़ा बनाकर माँ बच्चे को छलती है?
4- ‘पर सारे देश के ....अपने-अपने विद्यापति हैं’। इस वाक्य का क्या अर्थ है?
5- आश्रम में गांधी जी ने छात्रों से कौन-सा काम करवाया और क्यों?
6- राम ने थकी हुई सीता की क्या सहायता की?

प्रश्न 9- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

1 – निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओ के भेद लिखिए। (3)

क- तुम लोग मेरे साथ चलो।
ख- यहाँ मत बैठिए।
ग- बच्चे फिल्म देख रहे हैं।
घ- पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं।
ङ- मैं रात को दस बजे सोता हूँ।
च- लड़कियाँ गीत गा रही हैं।

2- दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्द छाँटकर उसके भेदों के लिखिए। (3)

क - उसने बहुत पैसा कमाया।
ख- वह काली गाड़ी किसकी है?
ग- सभी बच्चों को यहाँ बुला लो।
घ- मेरा घर तीन मील दूर है।
ङ- उस लड़के को बुलाओ।
च- मुझे कुछ सामान चाहिए।

3 – पुरुषवाचक सर्वनाम, संबंधवाचक सर्वनाम तथा प्रश्नवाचक सर्वनाम के उदाहरण वाले दो-दो वाक्य लिखिए। (3)

4 – निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। (3)

क – हमने हमारा पाठ याद कर लिया है।
ख – वह उसकी बहन के साथ जाएगा।
ग – तेरे से क्या गलती हुई थी?

घ – यह तो मेरी पुस्तक है।

ङ – शेर को देखकर मेरा तो प्राण ही निकल गया।

च – तुम्हारे थैला बहुत भारी है।

प्रश्न 10 - निम्नलिखित प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए। (6)

क – क्या आपको लगता है कि प्रकृति का कण-कण हमें शिक्षा देता है? उदाहरण सहित लिखिए।

ख – माँ को भगवान का दर्जा क्यों दिया गया है? अपने शब्दों में लिखिए।

ग –निबंध में लोकगीतों के किन पक्षों की चर्चा की गई है? बिंदुओं के रुप में लिखिए।

घ – पाठ ‘वन के मार्ग’ के आधार पर वन मार्ग का वर्णन अपने शब्दों मे करें।

प्रश्न 11 – अपने मित्र को बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम आने पर एक बधाई पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपनी छोटी बहन को ‘सुबह की सैर के फायदे’ की जानकारी देते हुए एक पत्र लिखिए।


प्रश्न 12- किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

क – अनुशासन ब- विद्यार्थी–जीवन स- मेरा प्रिय खेल द- पुस्तकालय

प्रश्न 13 – नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 60 से 70 शब्दों में करें। (5)



क



ख



ग